**Scholarly Research Journal for Interdisciplinary Studies,**
*Online ISSN 2278-8808, SJIF 2019 = 6.380, www.srjis.com*
*PEER REVIEWED & REFEREED JOURNAL, JAN-FEB, 2020, VOL- 7/57*

# भारत का चिली देश के साथ प्रगाढ़ होते संबंधों का विश्लेषणात्मक अध्ययन

**Ravi Kumar , Ph.D.**
*Assistant Professor, Mahatma Gandhi International Hindi University, Wardha, Maharashtra-442001 E-mail: jnu.ravi@gmail.com*

***Scholarly ResearchJournal's* is licensed Based on a work at *www.srjis.com***

इस शोध पत्र में भारत का लैटिन अमेरिका का एक मुख्य देश चिली के साथ परस्पर संबंधों की प्रगाढ़ता का विश्लेषणात्मक अध्ययन किया जाएगा । भारत की आज़ादी के बाद ऐसे कई अवसर आए जब चिली भारत के साथ साझा विचार एवं परस्पर सहयोग हेतु साथ खड़े हुए । सूचना प्रौधोगिकी, ऑटोमोबाइल, रक्षा आदि के क्षेत्र में भारत को प्राप्त उपलब्धियों ने चिली को अच्छे संबंध स्थापित करने हेतु आमंत्रित क्या । फलस्वरूप, वर्ष 2005 में चिली के राष्ट्रपति ने भारत आगमन की पहल ली जबकि भारत की ओर से 1968 में भारतीय प्रधानमंत्री एवं 1995 में भारतीय राष्ट्रपति भेंट वार्ता हेतु चिली गए । पिछले 10-15 वर्षों में दोनों देशों ने संबंध के स्तर पर कई आयामों को प्राप्त किया है ।

## भारत - चिली संबंध

भारत एवं चिली के बीच संबंधों में एक विशेष आयाम वर्ष 2005 को माना जाता है जब चिली के राष्ट्रपति रिकार्दो लागोस एसकोबार (Ricardo Lagos Escobar) का भारत आगमन हुआ । वर्ष 2006 एवं 2007 में रक्षा क्षेत्र में कई विशेष पहल सराहनीय रहा । वर्ष 2008 में भारतीय राष्ट्रपति श्रीमती प्रतिभा पाटिल के चिली यात्रा के दौरान विज्ञान एवं प्रौधौगिकी, अंटार्कटिक, खेल एवं वायु सेवाओं में सहयोग के लिए समझौतों/अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए गए । वर्ष 2009 में दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों के 60 वीं वर्षगांठ पर चिली की राष्ट्रपति Michelle

*Copyright © 2020, Scholarly Research Journal for Interdisciplinary Studies*

Bachelet ने मंत्री, सांसद, व्यापारी एवं अकादमिक क्षेत्र से जुड़े उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ भारत के कई महानगरों में भेंट वार्ता की । इस समय शिक्षा, नवीकरणीय ऊर्जा, भूगर्भ विज्ञान, बाह्य अंतरिक्ष का शांतिपूर्ण उद्देश्य से उपयोग, खनिज संपदा आदि के क्षेत्र में सहयोग लिए अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए गए । (mea.gov.in एवं indianembassysantiago.gov.in)

**राजनयिक/ राजनैतिक संबंध**

*भारत की ओर से उच्च स्तरीय भेंट वार्ता / भागीदारी / सहयोग/ बैठक*

2008 – राष्ट्रपति

2010 – वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री

2011 – मुख्य चुनाव आयुक्त

- खनन राज्य मंत्री

2012 -लोक सभा स्पीकर संसदीय प्रतिनिधि मंडल के साथ – चिली के उपराष्ट्रपति, सीनेट अध्यक्ष, चैंबर ऑफ डेपुटीज़ के अध्यक्ष के साथ भेंट वार्ता ।

- संचार एवं सूचना प्रौधौगिकी राज्य मंत्री

2013 – विदेश मंत्री

- नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री

2014 - राजस्व राज्य मंत्री

- 11 सदस्यीय सांसदों का गुडविल प्रतिनिधिमंडल
- रक्षा प्रमुख

2016 – चार सदस्यीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल का विश्व ई-संसद सम्मेलन (World e-Parliament Conference) में भागीदारी ।

2018 – विदेश राज्य मंत्री – भारत –LAC कोंक्लेव में भागीदारी

2019 – राष्ट्रपति

(mea.gov.in, cii.in, ddnews.gov.in)

*चिली की ओर से उच्च स्तरीय भेंट वार्ता / भागीदारी / सहयोग/ बैठक*

2005 – राष्ट्रपति

2009 – राष्ट्रपति

2012- विदेश मंत्री – प्रथम भारत-CELAC बैठक एवं भेंट वार्ता हेतु

2013 – कृषि मंत्री

2015- एशिया पैसिफिक विशेष मिशन के लिए राजदूत, पूर्व राष्ट्रपति Eduardo Frei प्रतिनिधि मंडल के साथ

2017 – Eduardo Frei

2019 - Eduardo Frei

(mea.gov.in, chile.gob.cl)

वर्ष 2014 में मोदी सरकार आगमन के पश्चात आर्थिक, राजनयिक, राजनैतिक, सांस्कृतिक, अकादमिक गतिविधियों में एक नई ऊर्जा देखने को मिलता है । इस समय अधिकाधिक पुराने नीतिगत निर्णय निरंतरता में बनी रही और परस्पर कार्य अग्रसर रहा । फलस्वरूप, वर्ष 2014 में द्विपक्षीय व्यापार 3191.60 USD मिलियन रहा जिसमें भारत में आयात का अंश अधिक लगभग 2571.75 USD मिलियन एवं भारत से निर्यात 619.85 USD मिलियन था । हालांकि आनेवाले दिनों में चिली में डीज़ल वाहनों पर कार्बन टैक्स लगने के अंदेशा से एवं कुछ अन्य कारणों से द्विपक्षीय व्यापार में उतार चढ़ाव देखा गया है । ऐसा मानना है कि इस टैक्स की अंदेशा ने भारत से मोटर वाहन निर्यात को बुरी तरह प्रभावित किया । साथ ही, चिली में तांबा के घटते मूल्यों ने चिली से भारत को निर्यात को प्रभावित

*Copyright © 2020, Scholarly Research Journal for Interdisciplinary Studies*

किया । वर्ष 2017 में तरजीही व्यापार समझौता के विस्तार से भारतीय निर्यात में वृद्धि आई है । (indianembassysantiago.gov.in एवं mea.gov.in) संबंधों को संबल प्रदान करने हेतु भारत के विदेश राज्य मंत्री वर्ष 2018 में 'भारत –LAC कोंक्लेव' में भागीदारी की । (cii.in) वर्ष 2019 में भारतीय राष्ट्रपति के भेंट के दौरान खनन क्षेत्र में सहयोग, सांस्कृतिक आदान प्रदान के सहयोग का नवीकरण एवं विकलांगता के क्षेत्र में सहयोग के लिए हस्ताक्षर किए गए । (firstpost.com) माननीय राष्ट्रपति ने दोनों देशों के बीच 70 वें राजनयिक संबंध के वर्षगांठ के अवसर पर भेंट वार्ता के साथ वहाँ के भारतीय समुदाय को भी संबोधित किए । (theindianwire.com)

**आर्थिक क्षेत्र में द्विपक्षीय सराहनीय सहयोग**

ऐसा प्रतीत होता है कि द्विपक्षीय आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाने हेतु कई परस्पर पहल लिए गए । कई कंपनियों ने संयुक्त उपक्रम के आधार पर व्यापार में निरंतरता बनाए रखने की विशेष पहल की । भारत से FICCI, ITPO, सी आई आई, PHARMEXCIL, PHDCCI, EPCH आदि संगठनों ने व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ाने हेतु भेंट वार्ता की । एक महत्वपूर्ण कदम 2018 में ली जब नीति आयोग के सदस्यों ने चिली की यात्रा की । भारत सरकार के पहल के साथ चिली सरकार की ओर से भी सराहनीय कदम की निरंतरता बनी रही । इस उद्देश्य से चिली के भूतपूर्व राष्ट्रपति एदुआर्दो फ्रे (Eduardo Frei) तत्कालीन राष्ट्रपति के विशेष प्रतिनिधि के रूप में व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल के साथ वर्ष 2015, 2017 एवं 2019 में भारत आए । फलस्वरूप, ऑटो मोबाइल क्षेत्र में महिंद्रा, बजाज़ ऑटो, टाटा मोटर्स, टेल्को, मारुति सुज़ुकी, आदि, दवाई के क्षेत्र में सेवेन फ़ार्मा, डॉ रेड्डीज चिली, सूचना प्रौधोगिकी के क्षेत्र में टीसीएस, विप्रो टेक्नोलोजीज, आदि । अन्य कंपनियों यथा – जिंदल स्टील, ई वैल्यू सर्व, पोलारिस, आदि की सराहनीय

*Copyright © 2020, Scholarly Research Journal for Interdisciplinary Studies*

उपस्थिति बनी । वहीं चिली से भारत ने तांबा, molybdenum concentrates, आयोडिन, कोयला, सेल्यूलोज (Cellulose)/ रसायनिक लकड़ी लुगदी, अखरोट, आदि आयात किया । (mea.gov.in एवं indianembassysantiago.gov.in, chile.gob.cl)

*भारत की ओर से व्यापारिक प्रतिनिधि मंडल*

2012 – PHARMEXCIL

- APEC परिधान निर्यात संवर्धन परिषद (Apparels Export Promotion Council)

2013 – APEC

- EPCH हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (Export Promotion Council of Handicrafts)
- SGEPC खेल सामान निर्यात संवर्धन परिषद (Sports Goods Export Promotion Council)

2014 – EPC इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्प्युटर सॉफ्टवेयर निर्यात संवर्धन परिषद (Electronics and Computer

- Software Export Promotion Council)
- APEC
- भारत पर्यटन रोड शो (15 भारतीय टूर ओपेरेटर की भागीदारी)

2015 – PHARMEXCIL

- EPCH
- CLE चमड़ा निर्यात परिषद (Council for Leather Exports)
- 'Expo India 2015' – लगभग 52,000 लोंगों की भागीदारी

2016 - 'Expo India 2016', सांतियागो – लगभग 60,000 लोंगों की भागीदारी

- APEC

Copyright © 2020, Scholarly Research Journal for Interdisciplinary Studies

- ‘Expo India 2016’, कोन्सेप्सिओन – लगभग 40 भारतीय कंपनियों की भागीदारी

*चिली की ओर से व्यापारिक प्रतिनिधि मंडल*

2015 – 20 सदस्यीय व्यापारिक प्रतिनिधि मंडल का भारत अंतरराष्ट्रीय ट्रेड मेला में भागीदारी एवं बैठक

(indianembassysantiago.gov.in एवं mea.gov.in)

**सांस्कृतिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण पहल**

एक महत्वपूर्ण तथ्य है कि चिली के कई शहरों यथा – सांतियागो (Santiago), पुंता आरेनास Punta Arenas) एवं इकीके (Iquique) में हिन्दू मंदिर की उपस्थिति है । साथ ही अध्यात्मिकता से जुड़े संस्थाओं यथा – आर्ट ऑफ लिविंग, ब्रह्मकुमारिज, इस्कॉन, Shudha Dharma Mandalam आदि एवं योग से जुड़े ईयेंगर योग, कुंडलिनी योग, बिक्रम योग की सक्रिय उपस्थिति रहा है । योग, आयुर्वेद, भारतीय पारंपरिक नृत्य एवं संगीत, बॉलीवुड नृत्य एवं संगीत इतना लोकप्रिय है कि इसे कुछ विद्यालयों में सिखाया जाता है । बहुत सारे लोग प्रशिक्षण प्राप्त कर अपना विद्यालय/संस्थान संचालित करते हैं । साथ ही, भारतीय खान-पान, भारतीय पर्व एवं भारतीय संस्कृति से जुड़े तथ्यों में रुचि को देखते हुए वर्ष 2015 में ‘फेस्टिवल ऑफ इंडिया इन चिली’ आयोजित की गई जो लोकप्रिय रहा, लगभग 7000 लोंगों ने भागीदारी की । वर्ष 2015 से लगातार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आयोजित किया गया । भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग (ITEC) के अंतर्गत रक्षा के क्षेत्र में स्टाफ कॉलेज, NDA, HDMC, NDC एवं भाषा शिक्षण क्षेत्र में अँग्रेजी भाषा हेतु, तकनीकी क्षेत्र में सूचना प्रौधोगिकी दक्षता, नवीकरणीय ऊर्जा, पर्यावरण से संबंधित कोर्स, e-governance से संबंधित कोर्स/प्रशिक्षण हेतु स्कॉलर्शिप उपलब्ध रहे हैं । ज्ञात हो कि चिली में 2012 में 1500 भारतीय मूल के

*Copyright © 2020, Scholarly Research Journal for Interdisciplinary Studies*

निवासी थे जो 2018 में 3000 तक पहुंचा । (mea.gov.in एवं indianembassysantiago.gov.in)

**निष्कर्ष :**

वर्ष 2005 से दिख रहे संबंधों की निरंतरता का आधार भारत से एक भारतीय प्रधानमंत्री (1968) एवं दो भारतीय राष्ट्रपति (1995 एवं 2008) के चिली में भेंट वार्ता साथ ही चिली से दो राष्ट्रपति (2005 एवं 2009) में भारत आगमन से जोड़ा जा सकता है । दोनों देशों के बीच एक महत्वपूर्ण अवसर 2003 में आया जब चिली ने भारत के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता के लिए संयुक्त वक्तव्य (joint statement) जारी किया था । (mea.gov.in) दीपांजन रॉय चौधुरी बताते हैं कि एदुआर्दो फ्रे ने विश्वास जताया कि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार बढ़ेंगे जैसे कि चिली से non copper उत्पाद का निर्यात 2006 में 51 USD मिलियन से 2016 में 178 USD मिलियन पहुंचा । (economictimes.indiatimes.com) वर्ष 2015 एवं 2016 में आर्थिक गतिविधियों में आई कमी से उबरने के लिए 2017 में PTA के विस्तार पर सहमति बनी जो परस्पर लाभप्रद रहा एवं 2018 में चिली में भारत–LAC कोंक्लेव आयोजित की गई । वर्ष 2018 में उच्च स्तरीय 'संयुक्त आयोग' के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए । चिली सरकार के विदेश मंत्रालय के वेबसाइट से पता चलता है कि वर्ष 2019 में दवाई उत्पाद अर्जन एवं दोहरे कराधान हटाने के लिए अनुबंध/ समझौता पर सहमति बनी । साथ ही यह भी बताता है कि अभी भारत चिली का बारहवाँ व्यापारिक सहभागी/जोड़ीदार (partner) है । (minrel.gob.cl) इस तरह के विशेष पहल एवं द्विपक्षीय भेंट वार्ताओं ने अच्छे संबंध स्थापना की नींव डाली । जिससे पिछले एक दशक में परस्पर लाभप्रद स्थितियाँ बनीं । दोनों देशों के बीच

Copyright © 2020, Scholarly Research Journal for Interdisciplinary Studies

राजनयिक, राजनैतिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, अकादमिक संबंध सराहनीय स्थिति में पहुंचा जो आनेवाले दिनों में और सशक्त होगा ऐसा प्रतीत होता है ।

**संदर्भ :**

*Badri-Maharaj, Sanjay (April 2017). India's relations with the Latin America-Caribbean Region Prospects and Constraints, New Delhi: Institute for Defense Studies and Analyses. Extracted from https://idsa.in/system/files/opaper/op_45_latin-america-caribbean-region_0.pdf*

*Shidore, Sarang (2013). New Frontiers in South-South Engagement Relationship between India and Latin America & the Caribbean, New Delhi: Indian Council of World Affairs. Extracted from https://www.icwa.in/WriteReadData/RTF1984/1498127834.pdf*

*https://www.mea.gov.in/Portal/ForeignRelation/India_Chile_Bilateral_Brief_5_18.pdf*

*https://www.mea.gov.in/Portal/ForeignRelation/Bilateral_Brief_chile.pdf http://mea.gov.in/Portal/ForeignRelation/CHILE_April_2017.pdf https://mea.gov.in/Portal/ForeignRelation/India-Chile_Relations.pdf*

*http://mea.gov.in/Portal/ForeignRelation/Chile_Jan_2016.pdf*

*http://www.mea.gov.in/Portal/ForeignRelation/Chile_2015_07_02.pdf*

*http://www.mea.gov.in/Portal/ForeignRelation/Chile_Dec_2014-1.pdf*

*https://mea.gov.in/Portal/ForeignRelation/Chile_July_2014.pdf*

*https://www.mea.gov.in/Portal/ForeignRelation/Chile_January_2014.pdf*

*http://mea.gov.in/Portal/ForeignRelation/Chile-January-2012.pdf*

*https://mea.gov.in/bilateral-documents.htm?dtl%2F31201%2FIndiaChile_Joint_Statement_during_State_Visit_of_President_of_India_to_Chile_30_March__1_April_2019&fbclid=IwAR1hhUJPsnXzdELRAneE4Z5guDmjNf_rV_A48hw600rXU0HCbKf5GXIrGl4*

*https://www.gatewayhouse.in/india-chile-transcending-geography/*

*https://chile.gob.cl/india/en/noticias/visita-a-india-de-delegacion-publico-privada-encabezada-por-el-embajador*

*Copyright © 2020, Scholarly Research Journal for Interdisciplinary Studies*

*https://www.cii.in/PhotoGalleryDetail.aspx?enc=YFQRLYFBqPtdfGWwWyquWxhE5veWqsJ8zpo0/PV1zqHfKsZhx3OFnryymuUh7zhNsWpU2e9ZRQPSgPWZ1PJemRyCXM5jFbz2wN9uyZaBPhqG3tkptX+EssVtdPa/h18Y*
*https://commerce.gov.in/*
*https://economictimes.indiatimes.com/news/economy/foreign-trade/chile-favours-indias-candidature-to-apec-former-president-eduardo-frei/articleshow/61234427.cms*
*https://www.financialexpress.com/economy/india-lac-conclave-in-chile-to-discuss-exports-to-south-america/876330/*
*https://minrel.gob.cl/minrel/news/sin-titulo-35393697*
*https://www.thedollarbusiness.com/news/chile-is-open-to-support-indias-candidature-for-apec/51369*
*http://ddnews.gov.in/national/president-ram-nath-kovind-visits-chile*
*https://www.gatewayhouse.in/events/president-ram-nath-kovind-meets-chile/*
*https://www.firstpost.com/india/ram-nath-kovind-in-chile-president-holds-bilateral-talks-with-counterpart-sebastian-pinera-inks-mous-in-mining-culture-disability-6370111.html*
*https://www.business-standard.com/article/news-ani/president-kovind-addresses-indian-community-in-chile-119040100055_1.html*
*https://thekootneeti.in/2019/04/15/indian-president-visit-to-bolivia-and-chile-latin-america/*
*https://www.wionews.com/india-news/president-kovind-addresses-indian-community-in-chile-207078*
*https://www.theindianwire.com/world/kovind-address-indian-community-chile-114831/*

*Copyright © 2020, Scholarly Research Journal for Interdisciplinary Studies*